हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
**रोहतक**, सोमवार, 1 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 5.7 डिग्री

11 जैन स्थानक में लगा स्वास्थ्य शिविर



12 मानव सेवा से बढ़कर दुनिया में कोई धर्म नहीं : कादियान



## खबर संक्षेप

### छात्रा से दुष्कर्म मामले में सीसीटीवी खंगाले

**गन्नौर।** पांचवी की छात्रा से दुष्कर्म प्रकरण में पुलिस जांच में जुटी हुई है। तीसरे दिन भी सिविल वर्दी में पुलिस कर्मियों की गांव में गश्त जारी रही। गन्नौर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दिए हैं, ताकि घटना से जुड़े हर पहलू की पुष्टि की जा सके। शुक्रवार रात आरोपित छात्र के पिता से मारपीट के बाद हालात बिगड़ने की आशंका थी, लेकिन पुलिस की लगातार सतर्क निगरानी से स्थिति पूरी तरह से नियंत्रित है। उधर पीड़ित छात्रा का मेडिकल हो चुका है और रिपोर्ट का इंतजार है। हालांकि अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है, पर जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। अतिरिक्त थाना प्रभारी जगदीश मांडी ने बताया कि पुलिस मामले की हर पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव में अब किसी तरह का तनाव नहीं है, हालांकि सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस की टीमें अब भी गश्त कर रही हैं।

### दस किमी. मैराथन में राजेश दूहन अव्वल

**गोहाना।** गुजरात के अहमदाबाद में अदानी समूह रविवार को 10 किलोमीटर की मैराथन आयोजित की गई। इसमें गोहाना के गांव जौली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेश दूहन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में भाग लिया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल किया। वे गांव कटवाल के रहने वाले हैं। दुहन ने इसी माह इंडियन आर्मी द्वारा पंजाब के फिरोजपुर में आयोजित की गई पांच किलोमीटर की मैराथन में भी इसी आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

### सोसायटी ने संविधान दिवस मनाया

**सोनीपत।** दी अम्बेडकर एजुकेशनल सोसायटी ककरोई रोड सोनीपत में संविधान दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने भी शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में भारतीय संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमे सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वीरेंद्र सिंह (अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दिल्ली) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. प्रमोद मेहरा प्रोफेसर (इग्नू) ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. एसके सागर प्रोफेसर (दिल्ली विश्वविद्यालय), डा. विकास कुमार सिंह प्रोफेसर (विधि संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय) एवं डा. बलराज प्रोफेसर आर्यभट्ट महाविद्यालय दिल्ली उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजेश कटारिया, सुरेंद्र कुमार, रविन्द्र भाटिया, रविन्द्र भोला आदि मौजूद रहे।

**पुलिस ने आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया**

# नकदी व फोन से भरा बैग छीनने का प्रयास करने के आरोपी काबू

लूटपाट का विरोध करने पर आंखों में मिर्च का पाउडर डाला, एक आरोपी ने हवाई फायरिंग भी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत के थाना कुण्डली क्षेत्र में कैश और नए मोबाइल फोन से भरा बैग छीनने की कोशिश करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अरुण पुत्र कृष्ण और हरीश उर्फ हन्नी पुत्र राजकुमार, दोनों निवासी छतैहरा जिला सोनीपत बताए गए हैं। घटना 16 सितम्बर 2025 की है, जब मल्हा माजरा निवासी अनिल अपने बेटे लक्की के साथ दुकान का कैश एक लाख रुपये और 25 नए मोबाइल फोन बैग में रखकर घर जा रहा था। खेडी रोड के पास तीन नकाबपोश युवकों ने लक्की से बैग छीनने की कोशिश की।



सोनीपत। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

### वारदात के बाद स्कूटी पर फरार हो गए

विरोध करने पर एक युवक ने अनिल की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और लक्की पर पिस्तौल से फायर भी किया, हालांकि वह बाल-बाल बच गया। शोर मचाने पर तीनों स्कूटी से छतैहरा की दिशा में फरार हो गए। मामले की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं और शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया। अनुसंधान अधिकारी सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को पकड़ा। दोनों को कोर्ट में पेशकर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

# हवा लगातार दूसरे दिन अति खराब श्रेणी में, एक्यूआई 329 पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

प्रदेश के कई प्रमुख शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार चिंता का विषय बना हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सोनीपत में स्थिति में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार दूसरे दिन अति खराब वेरी पुअर श्रेणी में दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार शहर का एक्यूआई बुधवार को भी 329 रहा जो मंगलवार के आंकड़े के बिल्कुल बराबर है। प्रदूषण के इस खतरनाक और स्थिर स्तर ने शहरवासियों के लिए गंभीर मुश्किल खड़ी कर दी है।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सीपीसीबी के मानकों के अनुसार 301 से 400 के बीच का एक्यूआई अति खराब माना जाता है। इस श्रेणी की हवा फेफड़ों से संबंधित बीमारियों वाले लोगों के साथ-साथ स्वस्थ लोगों को भी प्रभावित करने की क्षमता रखती है। लगातार दो दिनों से हवा में जहरीले सूक्ष्म कणों पीएम 2 5 और पीएम 10 की मात्रा बहुत अधिक बनी हुई है जिससे दृश्यता पर भी असर पड़ रहा है।



### लोगों ने सुबह की सैर की बंद

डॉक्टरों ने प्रदूषण के इस खतरनाक स्तर को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। उनके अनुसार इस समय अस्थमा के मरीजों बुजुर्गों और छोटे बच्चों को घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। आवश्यक होने पर ही मास्क का उपयोग करके बाहर निकलें। सुबह और शाम के समय वायु की गुणवत्ता सबसे ज्यादा खराब हो रही है। लोगों ने बताया कि उन्हें सांस लेने में तकलीफ गले में खराश और आंखों में जलन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने सुबह की सैर पर जाना भी बंद कर दिया है।

# दस केंद्रों पर 2190 विद्यार्थियों ने दी एनएमएमएस की परीक्षा

छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए स्कूलों में कड़े सुरक्षा प्रबंध रहे। शिक्षा विभाग की टीमों ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) द्वारा राजकीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल फीस की आर्थिक तंगी से उबारने के लिए रविवार को राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) परीक्षा का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा विभाग ने इस महत्वपूर्ण परीक्षा को बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और नकल रहित माहौल में संपन्न कराया। सोनीपत जिले के 2862 पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए कुल 10 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। इन केंद्रों पर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक, तीन घंटे की लिखित परीक्षा आयोजित हुई। यह परीक्षा राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 8वीं के उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिन्होंने कक्षा 7वीं राजकीय विद्यालयों से उत्तीर्ण की है और जो आगे की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता के हकदार हैं। प्रदेशभर की बात करें तो, एनएमएमएस परीक्षा के लिए कुल 54,475 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिसके लिए पूरे राज्य में 192 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। यह परीक्षा शिक्षा विभाग के उस महत्वाकांक्षी प्रयास का हिस्सा है, जिसके तहत ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के होशियार छात्रों को उच्च शिक्षा की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि कोई भी मेधावी प्रतिभा केवल धन के अभाव में आगे बढ़ने से वंचित न रह जाए।

**सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक हुई लिखित परीक्षा**

### ये था परीक्षा पैटर्न

इस छात्रवृत्ति योजना का मूल उद्देश्य जरूरतमंद और प्रतिभाशाली छात्रों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक निर्बाध शिक्षा उपलब्ध कराना है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को इन चार वर्षों के लिए प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।



सोनीपत। रामजस स्कूल में परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी।

### गहन जांच के बाद मिला सेंटर में प्रवेश




जिला शिक्षा विभाग द्वारा मुहैया कराए गए आंकड़ों के अनुसार, सोनीपत में पंजीकृत 2862 विद्यार्थियों में से 2190 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया। हालांकि, 672 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने वाले अधिकतर विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ आए थे। प्रवेश पत्र की गहन जांच के बाद ही विद्यार्थियों को केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी गई। परीक्षा संपन्न होने तक अभिभावक केंद्र के बाहर अपने बच्चों की सफलता के लिए प्रतीक्षा करते नजर आए, जो शिक्षा के प्रति उनकी गंभीरता और समर्पण को दर्शाता है। इस छात्रवृत्ति के माध्यम से सफल होने वाले विद्यार्थी अब कक्षा 9वीं में प्रवेश के साथ ही आर्थिक संबल प्राप्त करने के हकदार होंगे, जिससे वे बिना किसी वित्तीय बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे।

### 672 विद्यार्थी अनुपस्थित

जिला में बोर्ड की ओर से निर्धारित 10 केंद्रों पर एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। सभी केंद्रों पर कुल 2862 विद्यार्थियों में से 2190 ने ही परीक्षा में भाग लिया, जबकि 672 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों को 4 वर्ष तक प्रत्येक माह 1 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। परीक्षा का परिणाम जल्द जारी होगा।
- **नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत



### गणित, विज्ञान व सामान्य ज्ञान के 90 प्रश्न पूछे गए

परीक्षा में विद्यार्थियों की मानसिक योग्यता को जांचने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। प्रश्न पत्र में गणित, विज्ञान और सामान्य ज्ञान पर आधारित कुल 90 प्रश्न शामिल थे, जिनके उत्तर विद्यार्थियों ने ओएमआर शीट पर दर्ज किए। परीक्षा के दौरान कड़ी सुरक्षा रही।



**हिंदू गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय साइबर दिवस का आयोजन**

# एनसीसी कैडेट्स ने साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**सोनीपत।** हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत में राष्ट्रीय साइबर दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया गया। 12वीं बटालियन एनसीसी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा और डिजिटल जागरूकता पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली निर्माण से हुई, जिसका नेतृत्व अंडर ऑफिसर शिवानी ने किया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. विपाशा अग्रवाल ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है और युवाओं को सतर्क रहकर तकनीक का उपयोग करना चाहिए। एसोसिएट एनसीसी अधिकारी कैप्टन नीतू नसीयर दूहन ने कैडेट्स को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया और बताया कि सभी इकाइयों को साइबर दिवस को जागरूकता अभियान के रूप में मनाने के निर्देश दिए गए हैं।

कार्यक्रम में ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें कैडेट्स ने सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार, सोशल मीडिया उपयोग और साइबर अपराधों से बचाव पर जानकारी सांझा की। कैडेट्स ने सोशल मीडिया पर भी साइबर जागरूकता के संदेश प्रसारित किए। आयोजन ने विद्यार्थियों में डिजिटल सुरक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित की। उन्होंने कहा कि देश डिजिटल संस्कृति की और बढ़ रहा है।

- **डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण, युवा सतर्क रहकर तकनीक का उपयोग करें : डॉ. अग्रवाल**

**जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के दूसरे दिन हुआ सेमिनार**

# भागवत गीता का संदेश किसी एक धर्म, जाति या वर्ग के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के दूसरे दिन धर्म, ज्ञान और जीवन मूल्यों पर केंद्रित एक सफल सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित कर किया। सेमिनार में विभिन्न शिक्षाविदों, विद्वानों एवं आध्यात्मिक गुरुओं ने भाग लिया। सेमिनार के दौरान सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में श्रीमद्भगवद्गीता की आज के समय में आवश्यकता, प्रासंगिकता और जीवन में इसके उपयोगी संदेशों पर विशेष बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला मार्गदर्शक है, जो व्यक्ति को कर्तव्य, अनुशासन, सत्य, साहस और आत्मविश्वास के पथ पर अग्रसर करता है। प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि गीता का संदेश किसी एक धर्म, जाति या वर्ग के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए है।



**उत्थान का मार्ग :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चाहे खेती हो, व्यापार हो, शिक्षा हो, खेल हो या सामाजिक जीवन हर क्षेत्र में गीता मार्गदर्शन देती है। इस मौके पर भाजपा महामंत्री तरूण देवीदास, वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद नेहरा, डॉ. ओमप्रकाश, नवीन मंगला, सुनीता लोहचब, पुष्पा बैरागी, किरण बाला, वर्मा पैथ लैब संस्थापक एवं समाज सेवी प्रवीण वर्मा, बीआर आहुजा, रविन्द्र सरोहा, अशोक खत्री, संजय सिंगला, मंजीत, जगत सिंह, आनंद, मनोज डिंबला, जयवीर गहलावत, प्रमानंद बत्रा, आचार्य वेद निष्ठ आदि मौजूद रहे।



### घर में गीता और रामायण रखने का किया आह्वान

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि हर घर में गीता और रामायण का होना आवश्यक है। माता-पिता यदि बच्चों के अध्ययन कक्ष में भी गीता रखें तो बच्चों के विचार, आचरण और जीवन दृष्टि में सकारात्मक परिवर्तन स्वतः आता है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि सभी अपने घरों में बने पूजा स्थल पर गीता व रामायण को अवश्य रखें और 01 दिसंबर को ठीक सुबह 11 बजे सभी एक मिनट के लिए गीता का पाठ अवश्य करें।सेमिनार में विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि गीता केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति, हिंदुत्व और आध्यात्मिक मूल्यों का अमर ग्रंथ है। सेमिनार के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी 1008 दयानंद सरस्वती ने भी संबोधित किया।

## विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच के प्रति किया जागरूक

**गोहाना।** पुलिस द्वारा गांव खानपुर कलां स्थित सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को डायल 112, डायल 181, पीओसीएसओ अधिनियम, गुड टच-बैड टच की महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के आदेशानुसार एवं पुलिस उपायुक्त गोहाना के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा उक्त विषयों से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस द्वारा विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत थाना महिला खानपुर की प्रबंधक उप निरीक्षक संतोष के नेतृत्व में पुलिस टीम विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए गांव खानपुर कलां स्थित सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंची। पुलिस टीम ने बच्चों को संभावित जोखिमों की पहचान करने के भी टिप्स दिए।

# वोकल फार लोकल देश की मजबूती का आधार : डॉ. शर्मा

**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि देश को समृद्धता एवं विकसित श्रेणी में लेकर जाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वदेशी अभियान को गति देने का काम किया है। इस कड़ी में मेक इन इंडिया के साथ-साथ वोकल फार लोकल को हमे मिलकर अपनाना है, ताकि इससे देश को मजबूती मिले। मंत्री ने रविवार को सेक्टर 7 स्तिथ अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 128वां संस्करण सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम केवल जन जुड़ाव का ही माध्यम नहीं बना है अपितु यह अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतरीन काम कर रहे लोगों को कहानियां जन-जन तक पहुंचाते हुए प्रत्येक भारतीय को आगे बढाने की प्रेरणा देता है।

### हर क्षेत्र में तेजी से तरक्की कर रहे देश व प्रदेश



राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर जनता का आह्वान और आमजन द्वारा लक्ष्य के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभाने का एक बेहतरीन माध्यम यह कार्यक्रम बना है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि स्वदेशी अभियान को निरन्तर अपनी दिनचर्या में लाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करना है, तभी हम स्थानीय दुकानदारों व आम आदमी को सशक्त बना पाएंगे। उन्होंने कहा कि देश सुरक्षा क्षेत्र, कृषि खाद्यान्न क्षेत्र से लेकर खेल क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका जिक्र मन की बात कार्यक्रम में कर चुके हैं।



# विजय-फातिमा की गुस्ताख इश्क का नहीं चला जादू...

**मुंबई।** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की मोहब्बत पर पानी फिरता दिख रहा है। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शनिवार को भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई। फिल्म जब रिलीज हुई, तो क्रिटिक्स ने इसकी कहानी और एक्टिंग की तारीफ की। हालांकि, इसका कमाई पर कोई असर नहीं दिख रहा है। फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 50 लाख रुपए कमाए थे। 'गुस्ताख इश्क' के कुल कलेक्शन की बात करें, तो इसने दो दिनों में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 74 लाख रुपए कमाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

## लाइफ Style



# कीर्ति

## एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही मिलती है नींद

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। 'दसारा' और 'बेबी जॉन' की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, 'सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7:30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6:30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5:30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6:30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। केरल में पैदा हुईं 33 साल की कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, 'अब, मुझे रात 11:30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है।' कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, 'हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# नाटकों ने दिलाई टॉम को पहचान

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटर में से एक टॉम स्टॉपर्ड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई है। साल 1937 में चेकोस्लोवाकिया में जन्में टॉम स्टॉपर्ड का बचपन मुश्किलों में गुजरा। नाजी हमले के बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। उन्होंने कई नाटक ऐसे, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। टॉम स्टॉपर्ड ने अपने कॅरियर में कई शानदार नाटक लिखे थे।




# सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटैंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है।



# पैपराजी से कोई नाता नहीं: जया बच्चन

**मुंबई।** वेटरेन एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर भड़कती रहती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने पैपराजी की भूमिका और पेशेवर रवैये पर शंकाएं जताई हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित पत्रकारों के प्रति अपने सम्मान और मशहूर हस्तियों के समारोहों में पैपराजी को लेकर खुद के असहज होने के बारे में भी बात की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर बात की। इवेंट के दौरान जया बच्चन ने कहा कि मैं मीडिया की उपज हूं, लेकिन पैपराजी से मेरा कोई नाता नहीं है। ये लोग कौन हैं? क्या इन्हें इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? मैं मीडिया से आती हूं। मेरे पिता एक पत्रकार थे।



# 'कांतारा' में दिखाई गई देवी को कहा भूत

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा है और यूजर्स भी भड़के हुए हैं। दरअसल, रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर वन' का मजाक उड़ाया। साथ ही फिल्म में दिखाई गई देवी को भूत कह दिया। इससे लोग बुरी तरह भड़क गए हैं और उनका कहना है कि अब तो 'धुरंधर' बिल्कुल फ्लॉप समझो। मामला हाल ही गोवा में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का है, जिसमें रणवीर सिंह शामिल हुए थे। ऋषभ शेट्टी भी इस फेस्टिवल का हिस्सा थे। इसका एक वीडियो भी आया है, जिसमें रणवीर सिंह स्टेज पर हैं, और सामने बैठे ऋषभ शेट्टी से कह रहे हैं, 'मैंने थिएटर में 'कांतारा: चैप्टर वन' देखी, और ऋषभ यह एक बेहतरीन परफॉर्मेंस थी।

## टीवी मसाला



# वीकएंड का वार में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्हें सलमान खान ने तान्या मित्तल पर वार करने के लिए खूब डांट लगाई। अशनूर के एविक्शन पर कुछ नेटिजंस इसे गलत फैसला बता रहे हैं, तो कुछ इसे सही कह रहे हैं। बिग बॉस 19 से अशनूर कौर बेघर हो चुकी हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज बदेशा का भी एविक्शन हो चुका है। इस हिसाब से शो में अब छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे और मालती चाहर के बीच फिनाले में पहुंचने की टक्कर है।

## जन्नत के पीछे पड़े अभिषेक और समर्थ

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' में इस हफ्ते अराजकता चरम पर पहुंच गई जब किचन में अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और जन्नत जुबैर के साथ एक बिल्कुल नया ट्राइएंगल बनने लगा।



अपनी चंचल नोक-झोंक और लगातार एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे अभिषेक और समर्थ नए मिशन पर पहुंच गए- जन्नत का ध्यान अट्रैक्ट करना। मजेदार चुटकुले सुनाने से लेकर उन्हें इम्प्रेस करने के लिए छोटे-छोटे प्यारे स्टंट करने तक, दोनों लड़के एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए बेताब दिख रहे थे। आग में घी डालने का काम अली गोनी ने किया, जिन्होंने इस जोड़ी को खूब छेड़ा। उन्होंने उन्हें छोटू कहकर मशहूर कर दिया और उन्हें किचन में अपने साइडकिक्स भी कहा। उनके इस कमेंट ने न सिर्फ स्टूडियो को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

# प्रियंका ने निक-मालती और परिवार संग मनाया थैंक्सगिविंग डे

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति, बेटी और परिवार के साथ तस्वीरें साझा करती हैं। एक्ट्रेस ने वीकएंड पर परिवार संग बिताए कुछ खुशनुमा पलों को शेयर किया है। इन तस्वीरों को अभिनेत्री ने कैलिफोर्निया से साझा करते हुए नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वो कैलिफोर्निया के किसी पार्क में गुनगुनी धूप में पति निक जोनस और बेटी मालती संग एंजाय कर रही हैं। एक तस्वीर में तीनों पार्क में लेटे हुए प्यारा पोज दे रहे हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में निक और प्रियंका बेटी संग खेलते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां मधु चोपड़ा और परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों संग भी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने परिवार के साथ डिनकर करते हुए भी एक तस्वीर साझा की है। अभिनेत्री ने परिवार के साथ थैंक्सगिविंग डे मनाया।



इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'थोड़े समय के लिए घर वापस आ गई हूं। कभी-कभी मैं खुद को अपने तरफ से प्रेम पाकर धन्यवाद महसूस करती हूं। इस थैंक्स गिविंग डे पर मैं स्वास्थ्य, आनंद, एकजुटता और जीवन के उन साधारण सुखों के लिए बहुत आभारी हूं, जिन्हें हम कभी-कभी हल्के में ले लेते हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों, टीम और उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इस रोमांचक सफर को आसान बना दिया है।' आगे उन्होंने कहा, 'इतना लंबा समय घर से दूर बिताने के बाद, मैं बस खुद को याद दिला रही हूं कि जिंदगी की सबसे अच्छी चीजों में से एक है अपने प्रियजनों के बीच रहना। थैंक्सगिविंग मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं।'

# रेड लाइट एरिया में जन्मी इस एक्ट्रेस पर बनी भारत की सबसे महंगी सीरीज...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान की कई अदाकाराओं ने काम किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है। पाक सिनेमा की कई कहानियां भी हिंदी सिनेमा में देखने को मिली हैं। बात करेंगे उस पाक अभिनेत्री की, जिस पर बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की पहले सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार बेस्ड बताई जाती है। इस पाक हसीना ने तकरीबन 100 फिल्मों में काम किया। यह एक्ट्रेस असल में एक तवायफ थी और लाहौर के रेड लाइट एरिया पर काम करती थी। इसी की कहानी को देश की सबसे महंगी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में दिखाया गया था।

***कौन थी ये पाक हसीना?*** : बात हो रही है नरगिस बेगम उर्फ निग्गो की, जो अपनी मां के नक्शेकदम पर चल एक तवायफ बनी थीं। वह हीरामंडी में सजने वाली महफिल में मुजरा किया करती थीं। उन्हें देखने के लिए पैसों वालों की भीड़ लगती थी। वहीं, 40 के दशक में राजशाही खत्म होने के दौर पर थी और इस वक्त सिनेमा की अच्छी शुरुआत हो रही थी। यह वो दौर था जब महिलाएं सिनेमा में काम करने से कतराती थीं। जब फिल्ममेकर को फिल्म के लिए हीरोइन की जरूरत होती थी, तो वह कोठे का रुख किया करते थे। वहीं, हीरामंडी में महफिल सजाए बैठीं निग्गों पर एक प्रोड्यूसर की नजर पड़ी। निग्गो एक क्लासिकल डांसर भी थी। ऐसे में प्रोड्यूसर निग्गो से इंप्रेस हुआ और कुछ ही समय बाद उन्हें फिल्म का ऑफर दे दिया।



***प्रोड्यूसर से रचाई शादी*** : निग्गो भी इस हीरामंडी के जंजाल से निकलना चाहती थीं और उन्होंने इस ऑफर को स्वीकार कर लिया। फिर साल 1964 में नरगिस ने पाकिस्तानी फिल्म इशरत से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने शहंशाह-ए-जहांगीर (1968), नई लैला नया मजनू (1969), अंदालिब (1969), लव इन जंगल (1970), अफसाना (1970), मोहब्बत (1972) समेत 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्हें प्रोड्यूसर ख्वाजा महजर की फिल्म कासू में देखा गया, जहां दोनों में प्यार हो गया। ख्वाजा और नरगिस ने निकाह कर लिया।

***पति ने ही कर दिया मर्डर*** : बात काफी आगे बढ़ गई और तवायफों से शादी के नए नियम बन गए। वहीं, कोठे बंद होने की कगार पर थे निग्गों अपनी मां का ख्याल रखने उनके पास चली गईं। जब वह बार-बार पति के बुलाने पर भी नहीं लौटी तो 5 जनवरी 1972 को हीरामंडी जाकर ख्वाजा ने एक बार फिर निग्गो से घर चलने की विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद ख्वाजा ने जेब से बंदूक निकाली और निग्गों को छलनी कर दिया।

## पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी फिल्म

# अर्थ ने दिखाया था समाज को आईना, 43 साल बाद भी बनी हुई है मस्ट वॉच

***मुंबई।*** *शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, और कुलभूषण खरबंदा अभिनीत 'अर्थ'फिल्ममेकर महेश भट्ट की सेमी-आटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। यह अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित थी। पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी 'अर्थ'। 43 साल पहले तीन दिसंबर, 1982 को प्रदर्शित हुई फिल्म 'अर्थ' में एक दृश्य है जब फिल्म स्टार कविता (स्मिता पाटिल), पूजा (शबाना आजमी) से कहती है कि मैं इंदर (कुलभूषण खरबंदा) को चाहती थी तुम्हारे पति को नहीं। मैं अपना घर बसाना चाहती थी, तुम्हारा घर उजाड़ना नहीं चाहती थी। जिस पर पूजा जवाब देती है कि मेरा घर था ही नहीं इसलिए तुमने कुछ नहीं उजाड़ा।*

### अर्थ की कहानी

फिल्म ने उस कड़वी सच्चाई को दिखाया था कि विवाहेतर संबंध शुरुआत में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रिश्ता आगे बढ़ता है, असुरक्षा की भावना, सामाजिक मान्यता पाने की चाहत, बिगड़ती मानसिक हालत कहीं न कहीं तनाव बढ़ाते हैं। फिर यह रिश्ता सिर्फ दर्द ही देता है। वास्तव में यह फिल्म पूजा की अपनी पहचान तलाशने की यात्रा पर है, जब उसका पति उसे दूसरी महिला के लिए छोड़ देता है। यह फिल्म उस वक्त आई थी, जब डिस्को डांसर और मर्द जैसी फिल्मों की कहानी पुरुषों के नजरिए से दिखाई जा रही थी, लेकिन अर्थ की कहानी महिलाओं के नजरिए से कही गई थी। यह भले ही मार्केट के ढांचे में फिट न बैठती हो, लेकिन दर्शकों को पसंद आई थी। यह कोई राज नहीं है कि लेखक-निर्देशक महेश भट्ट ने अपनी जिंदगी की कुछ वास्तविकताओं को काल्पनिकता के साथ जोड़कर अर्थ बनाई थी। इसमें त्यागी गई पत्नी पूजा, मनचाही औरत कविता और टूटे हुए आदमी इंदर जैसे पात्रों के जरिए इंसानों की कमियों, पुरुषों के दोहरे मापदंड और रिश्तों की अस्थिरता की पड़ताल बारीकी से की गई थी। यह फिल्म महेश और उस समय शीर्ष पर रहीं अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित आत्मकथात्मक फिल्म थी। इन संबंधों के चलते महेश द्वारा पहली पत्नी किरण भट्ट उर्फ लोरेन ब्राइट को छोड़ने की आत्मग्लानि इस कहानी का आधार थी।

### महेश भट्ट की क्रांतिकारी फिल्म

हिंदी फिल्मों में महिलाओं के चित्रण के संदर्भ में इसे क्रांतिकारी फिल्म माना जाता है। अर्थ को बनाने के पीछे की कहानी दिलचस्प है। अर्थ से पहले महेश भट्ट ने चार फिल्में मंजिलें और भी हैं(1974), विश्वासघात (1977), नया दौर (1978) और लहू के दो रंग (1979) बनाईं, लेकिन वह बाक्स आफिस पर अपना प्रभाव छोड़ पाने में नाकाम रहीं। तब उन्हें अपनी उथल-पुथल भरी निजी जिंदगी को परदे पर उतारने का विचार आया। यहीं से अर्थ को बनाने की शुरुआत हुई। फिल्म में कई दृश्य महेश की जिंदगी से जुड़े भी रहे। उदाहरण के तौर पर जब पूजा को पता चलता है कि इंदर उसे कविता के लिए छोड़ना चाहता है, तो वह उससे आग्रह करती है कि वह उसे न छोड़े। साथ ही, वह सीन जब सोए हुए इंदर को कविता जगाने की कोशिश करती है तो वह पूजा का नाम लेता है। किस्सा यह भी है कि जब यह फिल्म बन रही थी तब स्मिता पाटिल और राज बब्बर असल जिंदगी में रिश्ते में थे। राज बब्बर शादीशुदा थे।



### मैसेज देती है अर्थ

फिल्म के अंत में कविता की असुरक्षा और मानसिक रूप से अस्थिर प्रकृति अंततः इंदर को उससे दूर कर देती है। इंदर पश्चाताप के साथ पूजा के पास वापस आता है, लेकिन पूजा उसे अस्वीकार कर देती है, क्योंकि तब तक वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुकी होती है और उसे एहसास होता है कि अपनी खुशी के लिए उसे किसी पुरुष की जरूरत नहीं है। रिश्तों के जटिल पहलुओं को गहराई से छूने वाली इस फिल्म में परत दर परत महिलाओं के जज्बातों को बहुत बारीकी से दर्शाया गया। रिश्तों के भंवर में जिंदगी का अर्थ खोजती यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस वक्त थी!

## खबर संक्षेप

### 17 दिसंबर के प्रदर्शन की तैयारी जोरों पर

**रोहतक।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ का जिला स्तरीय कन्वेंशन कर्मचारी भवन सुखपुरा चौक में जिला प्रधान जगपाल सांगवान की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। उन्होंने केंद्र सरकार पर पेंशन संशोधन में छलावा करने का आरोप लगाते हुए निर्णायक संघर्ष की जरूरत बताई। राज्य महासचिव रतन जिंदल ने कहा कि 9वें वेतन आयोग में पेंशन को बोझ बताने वाली शब्दावली चिंताजनक है, जबकि संचित निधि कोष में 10 लाख 500 करोड़ रुपये मौजूद हैं। उन्होंने जानकारी दी कि इसके विरोध में 17 दिसंबर को प्रदेशभर में जिला उपायुक्त कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। फोटो---22--आयोजित बैठक को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता।

### शिविर में 195 पशुओं की जांच व उपचार किया

**रोहतक।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिला के हर पशु की स्वास्थ्य जांच करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य जांच शिविर शुरू किए गए है। इसका शुभारंभ गांव मोखरा में स्थित सरकारी पशु चिकित्सालय में हेल्थ-कम-इनफर्टिलिटी कैंप के आयोजन से हुआ। यह शिविर विभाग के उप निदेशक तथा महम में तैनात एसडीओ डॉ. नरेंद्र दहिया के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कैंप में कुल 42 किसानों ने भाग लिया। और 195 पशुओं की जांच उपचार किया गया। इनमें 66 भैंसें, 9 गायें, 100 भेड़ें और 20 बकरियां शामिल है। भैंसों से रक्त, फेकल और दूध के क्रमशः 10, 30 और 10 नमूने; गायों से रक्त, फेकल और दूध के 3, 5 और 5 नमूने; भेड़ों से 30 फेकल और 10 रक्त नमूने तथा बकरियों से 10 फेकल नमूने लिए गए। नमूनों को विस्तृत जांच हेतु डीडी लैब रोहतक भेजा गया है।

### जिला मुख्यालयों पर कल राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन

**रोहतक।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने घोषणा की है कि 2 दिसंबर को देशभर में जिला मुख्यालयों पर राष्ट्रव्यापी रोष प्रदर्शन किया जाएगा। जिला प्रधान अनिल स्वामी और जिला महासचिव संजय सिंहमार ने बताया कि जंतर-मंतर पर पुरानी पेंशन बहाली की शांतिपूर्ण रैली के बाद समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल व अन्य पदाधिकारियों पर अधिक संख्या का हवाला देकर एफआईआर दर्ज की गई, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

*निखिल ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जीता रजत*

# मंत्री ने पदक विजेता को सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की


*असम के गुवाहटी शहर में राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन*

**रोहतक में भी कांस्य पदक अपने नाम किया था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गांव गढ़ी सराय नामदार खां निवासी मुक्केबाज निखिल पुत्र बलजीत सैनी को सम्मानित किया। निखिल ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा असम के गुवाहटी शहर में राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता आयोजित हुई। निखिल ने इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके रजत पदक जीत लिया। निखिल ने इससे पहले रोहतक में आयोजित राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भी तृतीय स्थान प्राप्त करके कांस्य पदक अपने नाम किया था। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने पदक विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करके उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निखिल को उसके चाचा मास्टर सोहन सिंह सैनी, हर घर तिरंगा फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव सुल्तान सिंह सैनी, रामनिवास सैनी, सुशील सैनी, धर्मवीर, कुलदीप व दीपक ने भी खिलाड़ी को अपना आशीर्वाद दिया।


गोहाना। खिलाड़ी निखिल को आशीर्वाद देते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो :हरिभूमि


राई। पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते प्रतिभागी।

## नन्हें कलाकारों ने किया कला अदायगी का शानदार प्रदर्शन

*स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव*

**शत्रु निरंकारी संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए**

हरिभूमि न्यूज राई

स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में कक्षा तीसरी से पाँचवीं क्लास के विद्यार्थियों का वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं घूमधाम से मनाया गया। यूफोरियाः रिवायत नामक इस भव्य आयोजन की शुरूआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। उसके बाद स्वर्णप्रस्थ के नन्हें कलाकारों ने अपनी कला अदायगी का शानदार प्रदर्शन करते हुए नृत्य, गीत, संगीत एवं नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. प्रसन्ना जी. वी. प्रसिद्ध शिक्षाविद निफ्टम यूनिवर्सिटी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर गौरव खेमका (मैनेजिंग डायरेक्टर सीपी प्लस) उपस्थित रहे। डॉ. प्रसन्ना ने संबोधित करते हुए कहा कि 'इस तरह के आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं उनकी प्रतिभा को निखारने का एक बेहतर प्रयास है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गौरव खेमका ने कहा कि- जीवन में चुनौतियाँ आएँगी पर हमें उन चुनौतियों का हौसले से सामना करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर स्पर्श यूनिवर्स के चेयरपर्सन डॉ. शिशिर अग्रवाल, प्रेसीडेंस अरुण केडिया, डायरेक्टर अनमोल केडिया, सीईओ डॉ. अमित सक्सेना सहित प्रबंध समिति के सभी गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रोहित पंडा, मुख्याध्यापक एस. पी. सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक, बरसर ओ. पी. कुमार के अलावा अध्यापक-अध्यापिका मौजूद रहे।



गोहाना। पौधारोपण करते संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## ग्रीन सिटी अभियान के तहत संगठन ने लगाए 32 पौधे

*संगठन ने गोहाना को ले रखा है गोद*

- पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई कर दीपक रोधी दवाई डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

समाज कल्याण संगठन द्वारा गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के अपने साप्ताहिक अभियान के तहत सोमवार को महम मार्ग से जींद मार्ग तक लिंक बाइपास के साथ फुटपाथ की खाली जगह में पौधारोपण किया गया। पौधों की पशुओं से सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। संगठन के सदस्यों ने पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई करके दीपक रोधी दवाई भी डाली और टैंकर की सहायता से सिंचाई भी की।

समाज कल्याण ने गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए गोद ले रखा है। संगठन ने गोहाना को करीब डेढ़ दशक पहले गोद लिया था। गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए संगठन द्वारा सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को साप्ताहिक पौधारोपण अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के तहत संगठन द्वारा अब तक सडक़ों के साथ फुटपाथ की खाली जगह, सडक़ों के डिवाइडर और सार्वजनिक स्थलों पर हजारों की संख्या में विभिन्न किस्मों के पौधे रोपे जा चुके हैं। पौधारोपण में बलजीत जांगड़ा, प्रवीन, मीनू, राजेश, अभिमन्यु शर्मा, सुरेश चन्द्र, जगदीश अस्सीवाल, सुनील व डॉ. बिजेंद्र ने अपनी सेवाएं दी।

**जन्मदिन पर पौधरोपण**

संगठन के इस अभियान में गोहाना की पटेल बस्ती निवासी विक्की जाले पुत्र अनन्त राम ने पौधारोपण करके अपना 31वां जन्मदिन मनाया। विक्की जाले ने रोपित पौधे की नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी ली।

## प्रदेश सरकारी चीनी मिलों को देर से चलाने की मंशा स्पष्ट करे : चढूनी

- प्राइवेट चीनी मिलों को फायदा पहुंचाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भारतीय किसान यूनियन चढूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि राज्य सरकार सहकारी चीनी मिलों को देरी से शुरू करने पर अपनी मंशा स्पष्ट करे। प्राइवेट मिल पहले गन्ने की पेराई शुरू कर देते हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार प्राइवेट चीनी मिलों को फायदा पहुंचाने के लिए सहकारी चीनी मिलों को देर से चालू करती है। चढूनी रविवार को गांव छिछड़ाना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने खेतों में पहुंचकर गन्ना कटाई व छिलाई का जायजा लिया। गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि प्रदेश में प्राइवेट चीनी मिल 10-12 दिन पहले गन्ने की पेराई शुरू कर चुके हैं। दूसरी तरफ राज्य सरकार द्वारा सहकारी चीनी मिलों को जानबूझ कर देरी से शुरू किया जाता है।

जब तक सहकारी चीनी मिलों में पेराई शुरू होती है तब तक किसान लाखों क्विंटल गन्ना प्राइवेट मिलों में पहुंचा देते हैं। इसी के चलते सहकारी चीनी मिलों को घाटा होता है। काफी किसान ऐसे हैं जो अगेती किस्मों के गन्ने की नवंबर-दिसंबर में कटाई के बाद अपने खेतों में गेहूं की बिजाई करते हैं। सहकारी चीनी मिल देरी से चालू होते हैं, जिससे किसान गेहूं की बिजाई नहीं कर पाते हैं। अगर सरकार भी समय पर सहकारी चीनी मिलों को शुरू करे तो किसानों व चीनी मिलों, दोनों को फायदा होगा। गोहाना के किसान कई बार गांव आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल सहकारी चीनी मिल के अधिकारियों से मिले और 20-25 नवंबर तक मिल चालू करने की मांग की। अधिकारियों ने हर बार कहा कि फेडरेशन के आदेश आने पर ही मिल को चालू किया जाएगा। सरकार प्राइवेट चीनी मिलों को फायदा पहुंचाने के लिए सहकारी चीनी मिलों को देर से चालू करती है।

## प्रदेश सरकार से हर वर्ग का मोहभंग : डॉ. गुप्ता

*खेल उपेक्षा पर सरकार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कोसा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर खेल और खिलाड़ियों के प्रति लापरवाह होने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने तीन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की दुर्घटना में हुई मृत्यु को इस उपेक्षा का सबसे बड़ा उदाहरण बताया और कहा कि सरकार सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी है।

डॉ. गुप्ता रविवार को सोनीपत में जिला आप कार्यकारिणी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार से हर वर्ग का मोहभंग हो चुका है और कांग्रेस विपक्ष की भूमिका निभाने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने दावा किया कि भविष्य में आप ही भारतीय जनता पार्टी का स्वाभाविक विकल्प बनकर उभरेगी। सोनीपत नगर निगम चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करते हुए डॉक्टर गुप्ता ने स्पष्ट किया कि आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। उन्होंने घोषणा की कि इसके लिए जिला टीम ने रणनीति बनाकर तैयारी शुरू कर दी है और प्रत्येक वार्ड स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता सोनीपत जिला अध्यक्ष रणवीर छिक्कारा ने की। इस दौरान प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र अहलावत भी उपस्थित थे। सुरेंद्र अहलावत ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि नए पदाधिकारी पार्टी के व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। जिला अध्यक्ष रणवीर छिक्कारा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप जल्द ही सोनीपत जिले में नंबर वन की पार्टी बनेगी और नगर निगम चुनाव में जीत हासिल कर अपना परचम लहराएगी।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें डॉ. सुशील गुप्ता का स्वागत करते हुए।

**स्वास्थ्य शिविर में 118 मरीजों की मुफ्त जांच**



**रोहतक।** वैद्य केसरदास सेवा समिति द्वारा प्रगति अस्पताल सुखपुरा चौक के सहयोग से लेबर चौक स्थित सावन बैंक्वेट हॉल के सामने एक मुफ्त हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सामान्य रोग, ऑर्थो एवं आंखों की जांच सेवाएं निशुल्क प्रदान की गईं। कैंप में डॉ. मीनू बेनीवाल, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. प्रमोद द्वारा 118 रोगियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अलावा नेहा द्वारा शुगर, एचबी, कोलेस्ट्रॉल आदि टेस्ट भी मुफ्त किए गए। सभी मरीजों को आयुर्वेदिक एवं अन्य आवश्यक दवाइयां निःशुल्क वितरित की गईं। समिति के संचालक राजेश सिंधवानी ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत आंखों के ऑपरेशन सिविल अस्पताल में पूरी तरह मुफ्त किए जाएंगे। यह कैंप प्रगति हॉस्पिटल सुखपुरा चौक के सहयोग से आयोजित किया गया। कैंप में विनोद जुनेजा, जय सिंधवानी, आकाश सिंधवानी, जतिन नारंग, अशोक कत्याल, अश्वनी चुघ, वीरेंद्र, मधुर निराला, जे.पी. गौड़ और सुंदर जेटली सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एलपीएस बोसार्ड व निगम ने करवाई हैंडराइटिंग प्रतियोगिता

- प्रतियोगिता में शहर के स्कूलों से कुल 957 बच्चों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाल दिवस के अवसर पर एलपीएस बोसार्ड और नगर निगम रोहतक द्वारा रविवार को बच्चों के लिए भव्य हैंडराइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों से कुल 957 बच्चों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को पांच केटेगरी में विभाजित किया गया। प्रत्येक प्रतिभागी को पुरस्कार स्वरूप गिफ्ट, रिफ्रेशमेंट, मैडल और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। विजेताओं को क्रमशः 2100, 1100, 500 और 200 रुपये नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता और अनुशासन की भावना को बढ़ावा देना था, ताकि रोहतक शहर को सभी मिलकर साफ-सुथरा बनाया जा सके। निर्णायक मंडल में विजय बल्हारा, रेशमा मल्होत्रा, रुचिका ठाकुर, दीप्ति अरोरा, शीतल सरदाना, मोना सिक्का, वंदना और मोनिका शामिल थीं। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर,एलपीएस बोसार्ड राजेश जैन, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, संदीप बत्रा, विपिन नरवाल, धीरज चावला और विकास बंसल उपस्थित रहे। मंच का संचालन पल्लवी तुषार हांडा ने किया।


रोहतक। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर,पूर्व मेयर मनमोहन गोयल व एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी राजीव जैन, शीतल, सनी निझावन, तुषार हांडा, योगेश कुमार, सुमित गोयल और लेखराज गोयल उपस्थित रहे।


सोनीपत। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुगण।

**सुन्दरकाण्ड पाठ व रामकथा का आयोजन**

**सोनीपत।** श्री राम परिवार, सोनीपत द्वारा श्री सुन्दरकाण्ड पाठ, हरिनाम संकीर्तन और श्री रामकथा का आयोजन शनिवार को संयोगिता शर्मा के निवास में किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रमुख ओमप्रकाश अरोड़ा ने श्रीरामचरितमानस में विभीषण के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रावण के गलत कामों का विरोध करने के कारण उनका लंका में रहना अत्यंत कठिन था, बावजूद इसके वे श्रीराम की भक्ति और धर्म पर डटे रहे। कार्यक्रम में पवन सहगल, सूरजकांत, राकेश बहल, ललित बत्रा, चंद्रकांत, मुकेश आनंद, रमनकांत, मेहरचंद, मनोज, गुलशन और सुभाष सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आरती व अमृतमय प्रसाद के साथ हुआ।

## 170 मरीजों की आंखों की जांच करके चश्मे वितरित

**जैन स्थानक में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव खेड़ी गुर्जर के जैन स्थानक में पदम मुनि एवं पुष्कर मुनि के सानिध्य में जैन दिवाकर चौथमल महाराज की पुण्यतिथि एवं पूज्य गुरु देव प्रेम मुनि, धर्ममुनि की दीक्षा जयंती के उपलक्ष में आंखों के मुफ्त जांच एवं आपरेशन कैंप का आरंभ हुआ। इस अवसर पर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने शिरकत की और शिविर का शुभारंभ किया। आसपास के गांव से पहुंचे 170 मरीज के आंखों की जांच कर चश्मे वितरित किए गए हैं एवं 60 मरीजों के मुक्त आपरेशन करने की संस्तुति की गई जिनका अस्पताल में ले जाकर आपरेशन करवाया जायेगा। कैंप के बाद अपने प्रवचन में पदम मुनि ने कहा कि गुरु इस पृथ्वी पर भगवान के समान है और अनिष्ट करने वाले का भी भला करते हैं। उन्होंने कहा कि इंसान को गुरुओं की शरण में रहना चाहिए और धर्म मार्ग पर चलकर सृष्टि में जितनी भी कृतियां हैं उनकी सेवा का संकल्प लेना चाहिए।


जैन स्थानक में आयोजित नेत्र जांच शिविर की व्यवस्था जांचते मेयर राजीव जैन।

**राजीव दीक्षित को उनकी जयंती एवं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि**

# आजादी बचाओ आंदोलन के संस्थापक थे राजीव

- सेक्टर-7 स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में कार्यक्रम हुआ

**समारोह में नागरिकों ने राजीव दीक्षित के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सेक्टर-7 स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में राजीव दीक्षित की 58वी जयंती व 15वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने राजीव दीक्षित के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया।

मुख्य वक्ता योगाचार्य डॉ. सुरेश सैनी ने कहा राजीव दीक्षित एक भारतीय वैज्ञानिक, प्रखर वक्ता और आजादी बचाओ आंदोलन के संस्थापक थे। उनके संगठन ने स्वदेशी अर्थशास्त्र के संदेश को बढ़ावा दिया। वे एक महान क्रांतिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता थे जो स्वदेशी विचारों के प्रस्तावक थे। उन्होंने भारतीय उत्पादों और आयुर्वेद को लोकप्रिय बनाने तथा अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। उन्होंने कहा राजीव दीक्षित एक महान देशभक्त, स्वदेशी के प्रबल प्रचारक एवं बौद्धिक दासता से मुक्ति दिलाने का प्रयास करने वाले महान क्रांतिकारी विचारक थे। इस मौके पर सुरेश पवार, रामशरण लठवाल, दयानंद शर्मा, सुरेश धीमान, आशीष कुंडू, विकास धीमान, जगदीश देशवाल, रणधीर राठी, नीतू मोर व सुनीता मलिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।


गोहाना। राजीव दीक्षित के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने सोनीपत में कार्यकर्ताओं के साथ सुनीं पीएम मोदी के मन की बात

# पीएम हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को विश्व में दिला रहे पहचान : बड़ौली

- प्रधानमंत्री की सराहना से हर हरियाणवी गदगद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय ''मन की बात'' कार्यक्रम बूथ नंबर 33, भगवान विश्वकर्मा मंडल सोनीपत में कार्यकर्ताओं के साथ सुना। बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ''मन की बात'' कार्यक्रम में हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई इस सराहना से हर हरियाणवी गदगद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को विश्व में पहचान दिला रहे हैं। बड़ौली ने हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत की सराहना करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।

### ये रहे मौजूद

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली के साथ जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, मेयर राजीव जैन, जिला महामंत्री नीरज कुमार, तरूण देवीदास, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्रे सहित भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता रहे मौजूद।



सोनीपत। मन की बात कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोहन लाल बड़ौली। फोटो : हरिभूमि

### पीएम मोदी भारत की सनातन परम्परा और संस्कृति को आगे बढ़ा रहे : मदान

सोनीपत। विधायक निखिल मदान ने रविवार को वार्ड नं 15 के देव नगर में बूथ नंबर 161 पर पहुंचकर मन की बात कार्यक्रम को सुना। विधायक निखिल मदान ने बताया कि आज के संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल के महत्व पर जोर दिया। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण और कुरूक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक के लोकार्पण का जिक्र किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जी ने बताया कि महाभारत युद्ध से जुड़े अनुभवों को महाभारत अनुभव केंद्र (कुरुक्षेत्र) में साक्षात रूप से महसूस करना अत्यंत अद्भुत है। ब्रह्म सरोवर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होना उनके लिए अत्यंत विशेष और अविस्मरणीय अनुभव रहा। विधायक निखिल मदान ने कार्यक्रम के उपरांत भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएं और समाज तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।



### विकास और राष्ट्रहित के संकल्प के साथ विधायक ने सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

- राई के बूथ 93 जाट जोशी में कार्यकर्ताओं संग विधायक कृष्णा गहलावत ने सुने प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायी विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत 'मन की बात' कार्यक्रम को राई विधानसभा में उत्साहपूर्वक सुना गया। रविवार को राई हल्का विधायक श्रीमती कृष्णा गहलावत ने बूथ नंबर 93, गांव जाट जोशी के कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रहित, विकास और समाजसेवा से जुड़े संदेशों को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की प्रगति, जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों और नागरिकों की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा है भारत आज नए संकल्पों के साथ विश्व पटल पर अग्रसर है।



राई। विधायक कृष्णा गहलावत प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायी विचार बूथ 93 जाट जोशी में सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया

पीएम ने युवाओं की ऊर्जा, महिला शक्ति और किसानों की मेहनत को देश के विकास की मजबूत नींव बताते हुए सभी को राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर जनसहभागिता को और बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुँचना ही वास्तव में सफलता है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का प्रत्येक संदेश प्रेरणा से भरा होता है और राष्ट्र को नई दिशा देने वाला है। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष, पंच-सरपंच, महिला मोर्चा की सदस्याओं सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत विधायक ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना।



राई। भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के विचारों को सुनते हुए ।

### प्रधानमंत्री मोदी के संदेश प्रेरणा और राष्ट्रसेवा के संकल्प को जगाते : आंतिल

राई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मासिक वार्ता 'मन की बात' कार्यक्रम को रविवार को बहालगढ़ में भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए और प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों को संबोधित किए गए राष्ट्रहित से जुड़े प्रेरणादायी विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने देश में चल रहे विकास कार्यों, सामाजिक जागरूकता, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और युवा शक्ति की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि देश की प्रगति में हर नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं, किसानों और महिलाओं के योगदान को देश का वास्तविक बल बताते हुए समाज के हर वर्ग का मनोबल बढ़ाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज वैश्विक पटल पर नई पहचान बना रहा है और यह तभी संभव है जब जनभागीदारी निरंतर बढ़ती रहे। मास्टर सतनारायण आंतिल ने कार्यक्रम के उपरांत कहा कि भारत तेजी से उन्नति की ओर अग्रसर है और इस विकास यात्रा में हर नागरिक का योगदान जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर जनता के साथ जुड़कर संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

#### ग्रामीणों ने लिया स्वदेशी अपनाने का संकल्प



सोनीपत। गोहाना विधानसभा क्षेत्र के गांव बड़वासनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 128वें संस्करण को बूथ संख्या 172 पर सुना गया। कार्यक्रम का आयोजन किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रदीप बड़वासनी के निवास पर किया गया, जहां लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा और जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने ग्रामीणों के साथ प्रसारण सुना। कार्यक्रम के बाद दोनों ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत ग्रामीणों को पत्रक वितरित किए और स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई।

## कंप्यूटर एवं कौशल शिक्षा रोजगार का सशक्त माध्यम : कौशिक



गन्नौर। विशिष्ट अतिथि मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक, अमित बत्रा, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- एस.आर.के. स्किल सेंटर में प्रमाणपत्र वितरण समारोह, 123 छात्रों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

एस.आर.के. स्किल सेंटर में शुक्रवार को प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जैन गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन अरुण त्यागी ने की। विशिष्ट अतिथि योगेश कौशिक, अमित बत्रा, अंकित मल्होत्रा, अजय सरोहा, प्रवीण भारद्वाज व अमित ने शिरकत की । सेंटर के संचालक जोगेंद्र ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया । प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार व मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक ने कहा कि वर्तमान समय में कंप्यूटर एवं कौशल शिक्षा युवाओं को रोजगार से जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्किल सेंटर की भूमिका को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि संस्था गन्नौर क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में अग्रणी है। उन्होंने उपस्थित युवाओं में उत्साह का संचार किया व छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। समारोह में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 123 विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। संचालक जोगेंद्र ने कहा कि एस.आर.के. स्किल सेंटर एच.के.सी.एल. का अधिकृत कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान है ,यहां से जारी प्रमाणपत्र सभी सरकारी नौकरियों में मान्य हैं। छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए संस्थान को रोजगार अवसर बढ़ाने के लिए आभार जताया। इस अवसर पर अमित गर्ग, डिम्पल, कल्पना , अंजली आदि मौजूद थे।

## सफलता के लिए आत्मविश्वास जरूरी : स्वाति

- दृढ़ संकल्प और लक्ष्य के साथ मेहनत करने से होती है आत्मविश्वास में वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जीवन में सफलता हासिल करने के लिए आत्मविश्वास जरूरी है। आत्मविश्वास हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने, चुनौतियों का सामना करने और अवसरों का लाभ उठाने में मदद करता है। ये विचार गांव बनवासा स्थित दि आर्यन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या डॉ. स्वाति बांगड़ ने व्यक्त किए। वे सफलता विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रही थीं। प्राचार्या डॉ. स्वाति बांगड़ ने कहा कि जीवन में सफल बनने के लिए जितना जरूरी कठोर मेहनत करना है उतना ही महत्व आत्मविश्वास का है। कठोर मेहनत, ज्ञान में वृद्धि और कौशल विकास आत्मविश्वास के आधार हैं। लक्ष्य को हासिल करने के लिए जिन विद्यार्थियों को खुद पर विश्वास होता है वे एक दिन अपनी मंजिल को अवश्य हासिल कर लेते हैं। आत्मविश्वास रखने वाले विद्यार्थियों में न केवल निर्णय लेने की क्षमता होती है अपितु ऐसे विद्यार्थी आशावादी और सकारात्मक दृष्टिकोण वाले भी होते हैं। प्राचार्या ने कहा कि सफलता के लिए विद्यार्थी योजना बनाकर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें।



डॉ. स्वाति बांगड़।

## नेवी डे एवं संगठन के वार्षिक महोत्सव को लेकर चर्चा

### भूतपूर्व सैनिक संगठन गन्नौर की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भूतपूर्व सैनिक संगठन गन्नौर की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को केडी नगर स्थित हाल में संगठन के अध्यक्ष नायक सूबेदार ओमप्रकाश मलिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 7 दिसंबर को नेवी डे एवं संगठन के वार्षिक महोत्सव को भव्य रूप से मनाए जाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। ओमप्रकाश मलिक ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम का आयोजन दीवान गार्डन, बीएसटी रोड गन्नौर में किया जाएगा। इस अवसर पर मेजर जनरल जी.डी. बक्शी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे और वीर नारियों को सम्मानित करेंगे। बैठक में कई टीमों का गठन किया गया है जो गांव-गांव जाकर सभी भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों को कार्यक्रम की जानकारी उपलब्ध कराएंगी और अधिक से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने का कार्य करेंगी।



गन्नौर। भूतपूर्व सैनिक संगठन की कार्यकारिणी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

#### युवाओं को करेगा प्रेरित

ओमप्रकाश ने कहा कि यह अवसर सैन्य परिवारों के गौरव और एकता को प्रकट करने वाला होगा तथा युवाओं को भी देशसेवा के प्रति प्रेरित करेगा। बैठक के अंत में अध्यक्ष ओमप्रकाश मलिक ने सभी सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर कैप्टन ऋषिपाल धनखड़, कैप्टन जगदीश, हवलदार सुरेश, सूबेदार भीम सिंह, नवीन प्रताप त्यागी, आनंद प्रकाश, एफएचओ विजयपाल त्यागी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## दहिया खाप के चबूतरे के जीर्णोद्धार पर किया धार्मिक अनुष्ठान

- वर्णित कार्य पर 7 लाख 51 हजार रुपये हुए खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

सिसाना गांव स्थित दहिया खाप चबूतरे का जीर्णोद्धार किया गया। कार्य सम्पन्न होने के उपरांत खाप के पंचायती रविवार को चबूतरे पर एकत्रित हुए। दुग्धाहारी आश्रम से सम्बद्ध सत्यदेव चैतन्य ने धार्मिक अनुष्ठान कराया। ज्ञात रहे कि चबूतरे की नई टीन शेड डलवाने व दीवार का पुनर्निर्माण में दहिया खाप के पूर्व प्रधान सुभाष उर्फ बल्लू ठेकेदार का योगदान है। वर्णित कार्य पर 7 लाख 51 हजार रुपए का खर्च आया है। हरयाणा आर्य प्रतिनिधि सभा के पूर्व प्रधान मास्टर रामपाल दहिया ने कहा कि मनुष्य को जीवन कर्मों के आधार पर मिलता है। समाज, देश व प्रत्येक प्राणी के हित में सदैव अच्छे कर्म करते रहना चाहिए। अपनी धरोहर व परंपराओं को बचाना ही हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जिस तरह उनके पूर्वज दादा कुशाल सिंह ने गुरु तेग बहादुर के शीश को बचाने के लिए अपने शीश का बलिदान दिया था।



खरखौदा। बैठक को संबोधित करते मास्टर रामपाल दहिया।

#### वक्ताओं ने दिया सुझाव

पंचायत में वक्ताओं ने सुझाव दिया कि दहिया खाप का एक प्रधान होना चाहिए। जिस पर सभी लोगों ने हाथ उठाकर प्रस्ताव का समर्थन किया।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व एसपी अनूप दहिया, सरपंच जगबीर नंबरदार, गोपालपुर सरपंच एवं अठगामा प्रधान विनोद कुमार, खाप प्रमुख सुरेंद्र बाणियां, जयपाल दहिया, विक्की नंबरदार, अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन प्रधान नरेश दहिया, उमेश दहिया, पूर्व सरपंच कृष्ण दहिया, बीर पहलवान, मास्टर राजेन्द्र, दिलावर, बीरबल सेहरी, व क्षेत्र के अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।



सोनीपत। पॉलिटेक्निक में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

### सरकारी पॉलिटेक्निक में चौथा एलुम्नाई मीट

सोनीपत। सरकारी पॉलिटेक्निक सोनीपत में चौथे एलुम्नाई मीट का आयोजन किया गया। जिसमें 250 से अधिक पूर्व छात्रों ने भाग लिया। 1957 बैच से लेकर वर्तमान बैच तक के एलुम्नाई एक मंच पर एकत्र हुए और पुराने साथियों व शिक्षकों से मुलाकात कर यादें ताजा कीं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य प्रवेश सांगवान के स्वागत संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने एलुम्नाई के योगदान और उनके अनुभवों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने तिलक लगाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। दिनभर एलुम्नाई ने परिसर का दौरा किया और संस्थान में हुए बदलावों को देखा। पूर्व छात्र दिनेश मलिक ने नेटवर्किंग पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। विभागाध्यक्ष राजीव वर्मा, सुदीप, वीरेंद्र संधू, सुनील गगट, पुनीत कौशिक, दिनेश मोर, किरण और मनोज सांगवान सहित कई शिक्षक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

स्वास्थ्य

## लायंस क्लब गन्नौर गौरव ने लगाया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर, 213 लोगों की हुई जांच

# मानव सेवा से बढ़कर दुनिया में कोई धर्म नहीं : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

लायंस क्लब गन्नौर गौरव की ओर से रविवार को शहर के शिव पार्क में निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में लायन प्रवीन रेलन मौजूद रहे। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने करीब 213 लोगों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान 37 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए हैं। वहीं, क्लब की ओर से मौके पर ही 135 जरूरतमंद रोगियों को निशुल्क चश्मे व दवाइयां वितरित की गईं। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि लायंस क्लब ने क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के जीवन में रोशनी बिखेरने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि समर्थ लोगों का यह सामूहिक कर्तव्य है कि वे जरूरतमंदों की सेवा करें। मानव सेवा से बढ़कर दुनिया में कोई दूसरा धर्म नहीं है।




गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान का शिविर में पहुंचने पर क्लब के पदाधिकारी स्वागत करते हुए ।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर साशा वेदी, अंकित मल्होत्रा, हरीश वाधवा, तरुण चुघ, चारु चांदना, नीरज अरोड़ा, सचिन दिगानी, नीरज जाग्या, प्रवेश मदान, रजत हांडा, रिंकू सेठी, हरीश मदान व पार्षद अजय सरोहा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

#### दिल्ली में होंगे मुफ्त ऑपरेशन

क्लब अध्यक्ष भावना जाग्या ने बताया कि शिविर में जिन 37 रोगियों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई है, उनका ऑपरेशन दिल्ली के दरियागंज स्थित डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल में निशुल्क कराया जाएगा। क्लब द्वारा ही रोगियों को अस्पताल लाने-ले जाने की व्यवस्था की जाएगी।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 170 व्यक्ति हुए लाभान्वित

खरखौदा। स्थानीय अमर सेठी अस्पताल में 10 डॉक्टरों की टीम द्वारा नि:शुल्क जांच कैंप आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएँ दीं। शिविर में स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. रूपेंद्र कौर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका पटेल, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपमा सेठी अरोड़ा, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग, सर्जन डॉ. आशीष सहगल, डॉ. प्रणेश राजगुरु, डॉक्टर साहेल आदि उपस्थित रहे। कैंप का उद्घाटन विधायक पवन खरखौदा ने किया। इस मौके पर लगभग 170 मरीजों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, ऐसे स्वास्थ्य कैंप समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा सकें। डॉ. अनुपमा सेठी अरोड़ा ने बताया कि डॉ. सेठी के अमर अस्पताल को और अधिक हाईटेक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, जहां विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन भी यहां अब होंगे। अस्पताल में सरकारी व गैर-सरकारी सभी प्रकार के कैशलेस कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे मरीजों को अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. रूपेंद्र कौर ने बताया कि कैंप में एलर्जी, खुजली, सिरोसिस आदि बीमारियों से संबंधित मरीज पहुंचे, जिन्हें उचित उपचार संबंधी सलाह और जरूरी जानकारी उपलब्ध कराई गई।

